**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 01.08.2025 समय : 1850

**<><><><><><>**

- उपराष्ट्रपति का चुनाव नौ सितंबर को होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि इक्कीस अगस्त है।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने आज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस–यू.पी.आई के नए नियम लागू किए।
- बिजली आपूर्ति बाधित होने पर अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के भाजपा अध्यक्ष ने बिजली विभाग को आड़े हाथों लिया। प्र’’ासन से की ि’’कायत।
- हिन्दी साहित्य कला परिषद के निराला कक्ष में प्रेमचंद जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

<><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने आज देश के उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। आयोग के अनुसार चुनाव नौ सितंबर को होंगे और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि इक्कीस अगस्त होगी। पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से, जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह चुनाव आवश्यक हो गया है। यह सत्रहवां उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। चुनाव की अधिसूचना इस महीने की सात तारीख को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की जाएगी और इच्छुक उम्मीदवार इस महीने की इक्कीस तारीख तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच बाईस अगस्त को होगी जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि इस महीने की पच्चीस तारीख होगी।

<><><><><><>

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम–एन.पी.सी.आई ने आज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस–यू.पी.आई के नए नियम लागू कर दिए हैं। नए नियमों के अंतर्गत प्रत्येक लेन देन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम प्रेषक को दिखाया जाएगा। प्रत्येक यू.पी.आई ऐप उपयोगकर्ताओं को दिन में पचास बार अपने बैंक खाते में जमा राशि देखने की सुविधा देगा।

<><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण ने धन्नीखाड़ी उद्यान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष अतिथि देवेंद्र यादव ने निकोबारी आम की प्रजाति के वृक्षारोपण अभियान से हुई। सतत् जैव विविधता के लिए बी.एस.आई के प्रयासों की सराहना की। विशेष अतिथि हवाई अड्डा निदेशक के साथ, ए.ए.आई के अधिकारियों और स्थानीय निवासियों, वैज्ञानिकों और इस कार्यालय के कर्मचारियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक फलदार वृक्ष प्रजातियों के पौधे लगाए। अपर निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह के स्वागत भाषण से हुई। डॉ. सिंह ने द्वीपों की पादप विविधता और इन द्वीपों में पादप संपदा के सर्वेक्षण, दस्तावेज़ीकरण और उनके संरक्षण की स्थिति में बी.एस.आई की भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन समारोह देवेंद्र यादव, हवाई अड्डा निदेशक, वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, श्री विजय पुरम और पद्मश्री पुरस्कार विजेता नरेश चंद्र लाल की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

<><><><><><>

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा जो व्यावसायिक कौशल हासिल करने और सूक्ष्म या लघु उद्यम स्थापित करने वालों के लिए लाभदायक है। इस प्रशिक्षण के लिए अभ्यार्थी न्यूनतम योग्यता कक्षा–आठवीं पास होना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नारियल के खोल से हस्तशिल्प का निर्माण पांडनस के पत्तों, कॉयर, फ़ास्ट फूड स्टॉल, ब्यूटीशियन कोर्स, मुर्गी पालन एवं डेयरी पालन सहित विभिन्न कोर्स के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अंतिम तिथि बीस अगस्त है। आवेदन पत्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उद्योग परिसर बकुलतला, डिगलीपुर, हटबे, कार निकोबार स्थित विस्तार कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा वेबसाइट लिंक Andaman.gov.in/An से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र बोर्ड कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में बिजली आपूर्ति में बाधा पर अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने बिजली विभाग को आड़े हाथों लिया है। श्री तिवारी ने कहा कि श्री विजयपुरम में पिछले कुछ दिनों से अनियमित बिजली आपूर्ति ताबड़तोड़ तरीके से हो रही है। बिजली के ना आने का समय है और ना ही

कोई जाने का समय है। बिजली आपूर्ति घंटों तक बाधित रहती है जिससे राजधानी श्री विजयपुरम के नागरिक बेहद त्रस्त हैं। विद्युत विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के बार–बार बिजली कटौती की जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुझे पंचायत समिति, जिला परिषद और नगरपालिका परिषद जैसे पंचायती राज संस्थानों के निर्वाचित प्रतिनिधियों से बड़ी संख्या में ज्ञापन प्राप्त हुए हैं, जिनमें पूरे द्वीप समूह, विशेष रूप से श्री विजयपुरम में बिजली आपूर्ति में निरंतर व्यवधान की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। मेरा प्रशासन से अनुरोध है कि क्षेत्रवार बिजली कटौती की समय–सारिणी के बारे में नियमित रूप से अग्रिम सूचना जारी की जाए जिससे जनसामान्य बिजली कटौती का ध्यान रख सकें और उनके विद्युत उपकरण खराब होने से बच सकें।

<><><><><><>

हिन्दी साहित्य कला परिषद के निराला कक्ष में आयोजित प्रेमचंद जयंती कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में लगभग ग्यारह वक्ताओं ने मुशी प्रेमचंद के जीवन से संबंधित उनकी कहानियों और उपन्यासों पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश कुमार ने प्रेमचंद की कहानियों और उनके कई उपन्यासों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ कहानीकार बताया। परिषद के अध्यक्ष आर. पी. सिंह जी ने मुशी प्रेमचंद को तत्कालीन युग का महान समाज सुधारक बताया। जे.एन.आर.एम. के हिन्दी विभागाध्यक्ष रमेश कुमार मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता थे। प्रेमचंद को कलम का सिपाही बताया तथा साहित्य सम्राट के रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परिषद के प्रबंधक जे.बी.शर्मा, संतोष कुमार पाण्डेय, डॉ. मंजू नायर, डॉ. रामकृपाल तिवारी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर महान साहित्य सम्राट प्रेमचंद पर छात्रों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

<><><><><><>

मुख्य भूमि संस्थानों में आरक्षित डिग्री स्तर के इंजीनियरिंग, वास्तुकला और फार्मेसी पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों के आवंटन के लिए सी.एस.ए.बी.एन.ई.यू.टी–दो हजार पच्चीस की स्पॉट राउंड काउंसलिंग ग्यारह अगस्त को सुबह दस बजे से टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, श्री विजय पुरम के सभागार में आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को स्पॉट राउंड आवंटन जे.ई.ई मेन रैंक–दो हाजर पच्चीस और काउंसलिंग के समय इंजीनियरिंग एवं आर्किटेक्चर सीटों के लिए श्रेणीवार रिक्त सीटों के अनुसार किया जाएगा। मुख्य भूमि संस्थानों में आरक्षित डिग्री स्तर के इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर या बी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों के लिए आवंटन चाहने वाले सभी पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे सम्बन्धित दस्तावेज सचिवालय में आठ अगस्त शाम पाँच बजे तक जमा कर दें।

<><><><><><>

चिन्मय मिशन के संस्थापक परम पूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी का महासमाधि दिवस तीन अगस्त को दोपहर बाद मनाया जाएगा। कार्यक्रम गीता परायण या श्रीमद्भागवत गीता के सभी अट्ठारह अध्यायों के पाठ के साथ शुरू होगा, जिसके बाद भजन, सत्संग और पादुका पूजन होगा। पूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी ने उन्नीस सौ तिरानब्बे में सैन डिएगो, कैलिफोर्निया में महासमाधि प्राप्त की।

<><><><><><>